देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 18 अंक: 267 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...
सीमा पार आतंकवाद



देहरादून, शनिवार, 3 फरवरी 2024

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 16.0° न्यूनतम 7.0°

71645.3

2 एमिरेट्स एयरलाइन ने दी बड़ी खुशखबरी 7 काटना पड़ सकता था दाहिना पैर

# सीएम धामी को मिला यूसीसी का ड्रॉफ्ट

## धामी कैबिनेट आज देगी यूसीसी ड्राफ्ट रिपोर्ट अधिसूचना को हरी झंडी

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में यूनिफॉर्म सिविल कोड का ड्राफ्ट सीएम पुष्कर सिंह धामी को सौंप दिया गया है। प्रदेश सरकार की ओर से गठित समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट तैयार करने वाली जस्टिस रंजना देसाई कमिटी ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। अब इस ड्राफ्ट रिपोर्ट को कानूनी जामा पहनाया जा सकता है। उत्तराखंड सरकार की गठित यूसीसी विशेषज्ञ समिति ने अपनी मसौदा रिपोर्ट प्रस्तुत करने से पहले सीएम पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। माना जा रहा है कि शनिवार को होने वाली पुष्कर सिंह धामी कैबिनेट की बैठक में यूसीसी ड्राफ्ट रिपोर्ट को मंजूरी मिल जाएगी। इसके बाद इसे 5 फरवरी को विधानसभा में पेश किया जा सकता है।

उत्तराखंड विधानसभा का बजट सत्र 5 फरवरी से शुरू हो रहा है। ऐसे में सत्र की शुरुआत के अगले ही दिन धामी सरकार इतिहास रच सकती है। विधानसभा से अध्यादेश को मंजूरी दिए जाने के बाद इसे राज्यपाल के पास भेजा जाएगा। राज्यपाल की मंजूरी के बाद उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन जाएगा, जहां समान नागरिक संहिता लागू हो जाएगी।

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने ड्राफ्ट सौंपे जाने के बाद कहा कि हम सभी काफी लंबे समय से ड्राफ्ट का इंतजार कर रहे थे और आज हमें ड्राफ्ट मिल गया है। यूसीसी कमेटी ने अपनी रिपोर्ट हमें सौंप दी है। अब हम इस मामले में आगे बढ़ेंगे। हम इस मसौदे का परीक्षण करेंगे और सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद इसे राज्य विधानसभा के दौरान रखेंगे। इस पर आगे चर्चा की जाएगी। जस्टिस रंजना देसाई कमिटी की ओर से रिपोर्ट तैयार की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समिति द्वारा अपनी रिपोर्ट तैयार करने के लिये समाज के हर वर्ग से सुझाव आमंत्रित करने के लिये 08 सितम्बर 2022 को एक वेब पोर्टल लॉन्च करने के साथ ही राज्य के सभी नागरिकों से एसएमएस और वाट्सअप मैसेज द्वारा सुझाव आमंत्रित किये गये। समिति को विभिन्न माध्यमों से दो लाख बत्तीस हजार नौ सौ इक्सठ (2,32,961) सुझाव प्राप्त हुए। जो कि प्रदेश के लगभग 10 प्रतिशत परिवारों के बराबर है। समिति के सदस्यों का यह योगदान राज्य ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिये एक मील का पत्थर साबित होगा।




### महिलाओं को मिलेंगे अधिकार

उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद महिलाओं के अधिकार बढ़ जाएंगे। प्रदेश में बहु विवाह पर रोक लगेगी। अभी मुस्लिम समाज के पर्सनल लॉ के तहत चार विवाह की इजाजत मिली हुई है। इसके अलावा संपत्ति में अधिकार पर भी बड़ा फैसला हो सकता है। लड़के और लड़कियों का पैत्रिक संपत्ति में अधिकार मिलेगा। मुस्लिम महिलाओं को भी गोद लेने का अधिकार मिलेगा। गोद लेने की प्रक्रिया सरल की जाएगी। लड़कियों को भी लड़कों के बराबर विरासत का अधिकार दिया जा सकता है। मुस्लिम समुदाय के भीतर इद्दत जैसी प्रथाओं पर प्रतिबंध लग सकता है। वहीं, पति और पत्नी दोनों को तलाक की प्रक्रियाओं को लेकर समान अधिकार मिलेंगे।

### लिव इन के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

यूनिफॉर्म सिविल कोड में सभी वर्ग के लोगों को लिव इन रिलेशनशिप में रहने के लिए रजिस्ट्रेशन को जरूरी किया जाएगा। लिव- इन रिलेशनशिप में रहने वालों को अपनी जानकारी देना अनिवार्य होगा। ऐसे रिश्तों में रहने वाले लोगों को अपने माता- पिता को भी जानकारी देनी होगी। लिव- इन रिलेशनशिप में रहने वालों के लिए पुलिस में रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

**भरण- पोषण और मुआवजे पर अहम निर्णय**

यूसीसी में नौकरीपेशा बेटे की मृत्यु की स्थिति में बुजुर्ग माता- पिता के भरण- पोषण की जिम्मेदारी पत्नी पर दिए जाने का प्रावधान किया जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### जल्द निकलेगा सीट बंटवारे का हल: राहुल गांधी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बहरामपुर। लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी गठबंधन इंडिया में अंतर्कलह देखने को मिल रही है। कांग्रेस पर टीएमसी समेत कई साथी पार्टियां हमलावर रुख अपना रही हैं। इस बीच, कांग्रेस नेता राहुल गांधी के एक बयान के बाद गठबंधन में फिर से सब ठीक होता दिख रहा है। राहुल ने कहा कि जल्द सीट बंटवारे पर समाधान निकाल लिया जाएगा।

### भारत और मालदीव के बीच दूसरी कोर ग्रुप की अहम बैठक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। द्वीपीय देश में भारतीय सैन्य प्लेटफार्म का संचालन जारी रखने के लिए भारत और मालदीव के बीच समाधान तलाशने को लेकर अहम वार्ता हो रही है। मामले के जानकारों का कहना है कि कोर समूह की दूसरी उच्च स्तरीय बैठक दिल्ली में जारी है। इसके दो सप्ताह पहले माले में हुई पहली बैठक में इस मुद्दे पर कोई महत्वपूर्ण प्रगति नहीं हो सकी थी।

# व्यासजी तहखाने मामले में मुस्लिम पक्ष को राहत नहीं

## ज्ञानवापी: अगली तारीख के साथ ही सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

प्रयागराज। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने कहा कि मस्जिद पक्ष पहले 17 जनवरी 2024 के आदेश को चुनौती दे। इस आदेश से जिलाधिकारी वाराणसी को रिसीवर नियुक्त किया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने 23 जनवरी को ज्ञानवापी परिसर को अपने कब्जे में ले लिया है। इसके बाद जिला न्यायालय ने 31 जनवरी के अंतरिम आदेश से काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के पुजारी के जरिए तलगृह में पूजा करने की अनुमति दी है। महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्र का कहना था कि सरकार की जिम्मेदारी कानून व्यवस्था कायम रखने की है। डीएम सुरक्षा व्यवस्था देख रहे हैं।

अंजुमन इंतेजामिया कमेटी के वकील एसएफए नकवी से कोर्ट ने पूछा कि बेसिक आदेश 17 जनवरी 2024 का है। उसको क्यों चुनौती नहीं दी। कमेटी के वकील ने कहा कि 31 जनवरी का आदेश आने के कारण तुरंत आना पड़ा। बेसिक आदेश को भी चुनौती देंगे। क्योंकि आदेश होते ही जिलाधिकारी ने रात में तैयारी कर ली और नौ घंटे में पूजा शुरू करा दी। कहा कि जिला जज ने अपने ही आदेश के विपरीत अंतरिम आदेश देकर वस्तुतरूवाद स्वीकार कर लिया।

हिंदू पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने अपील की पोषणीयता पर आपत्ति की। कहा कि मूल आदेश को चुनौती नहीं दी गई है। अधीनस्थ अदालत ने वादी को राहत नहीं दी है। मंदिर ट्रस्ट को अधिकार दिया है।

### तहखाने में होती रहेगी पूजा

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि अगली तारीख छह फरवरी को सुनवाई होने तक ज्ञानवापी स्थित व्यासजी के तहखाने में पूजा होती रहेगी। सरकार को यह निर्देश दिया है कि यहां पर कोई अतिरिक्त निर्माण कार्य न कराया जाए। कोर्ट ने व्यासजी के तहखाना के अंदर पूजा पर अंतरिम रोक लगाने की मांग संबंधी मसाजिद कमेटी की याचिका पर अनुमति देने से इनकार कर दिया इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने का भी निर्देश दिया है।

# हिम्मत है तो वाराणसी से बीजेपी को हराकर दिखाए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के 40 सीटें जीत पाने पर भी संशय जताया है। उन्होंने शुक्रवार को कहा, मुझे संदेह है कि क्या कांग्रेस आगामी आम चुनाव में 40 सीटें भी सुरक्षित कर पाएगी या नहीं। सीएम ममता का यह बयान ऐसे समय सामने आया है जब टीएमसी ने पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने का फैसला लिया है। तृणमूल कांग्रेस के इस फैसले को विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। इस बीच, ममता ने एक बार फिर से कांग्रेस को अपने तेवर दिखा दिए हैं।

बंगाल के मुर्शिदाबाद में आज सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए टीएमसी चीफ कांग्रेस पर खूब बरसीं। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि कांग्रेस 300 में से 40 सीटें भी जीतेगी या नहीं। फिर यह अहंकार क्यों है? आप बंगाल आए मगर मुझे बताया भी नहीं। हम तो इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं। अगर आपमें हिम्मत है तो वाराणसी में बीजेपी को हराकर दिखाइए, आप उन जगहों पर भी हार गए जहां पहले जीतते थे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा बंगाल आई थी, मगर मुझे इसकी जानकारी तक नहीं दी गई।

### तेवर

- कांग्रेस पर भड़कीं ममता बनर्जी

**बीड़ी श्रमिकों से राहुल की बातचीत को बताया फोटोशूट**

भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर ममता बनर्जी ने कहा कि राहुल गांधी को बीड़ी श्रमिकों के साथ बातचीत करते देखा गया। उन्होंने कहा, अब यह नया स्टाइल चल पड़ा है... फोटोशूट कराने का। जो लोग कभी चाय की दुकान पर भी नहीं गए, अब वे बीड़ी श्रमिकों के साथ बैठने का दिखावा कर रहे हैं।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# मोबिलिटी सेक्टर निभाएगा अहम भूमिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने की अपनी पुरानी बात को दोहराया। उन्होंने कहा कि आज का भारत 2047 तक शक्तिसित भारतव बनाने के लिए आगे बढ़ रहा है और

### देश 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए आगे बढ़ रहा: पीएम

इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए मोबिलिटी सेक्टर अहम भूमिका निभाने जा रहा है।

पीएम मोदी ने कहा, मैंने लाल किला की प्राचीर से कहा था कि यही समय, सही समय है। ये शब्द मैंने देश के लोगों की क्षमता को देखते हुए कहे थे। आज भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत का दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना तय है। उन्होंने कहा, आज भारत में बड़ी संख्या में नियो मिडिल क्लास बना है। जिसकी अपनी आशा है, अपनी आकांक्षाएं हैं। दूसरी ओर, आज भारत में मिडिल क्लास का दायरा भी तेजी से बढ़ रहा है। मिडिल क्लास की इनकम भी बढ़ रही है।

## न्यूज डायरी



### भारत ने घटाई मालदीव की मदद तो आगे आया दुनिया से भीख मांग रहा पाकिस्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। चीन, सऊदी अरब, आईएमएफ समेत दुनियाभर से पैसे की भीख मांग रहे पाकिस्तान ने मालदीव के भारत विरोधी राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से वादा किया है कि वह इस द्वीपीय देश की मदद करेगा। पाकिस्तान ने मालदीव को आश्वासन दिया कि वह विकास की जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगा। पाकिस्तान ने यह ऐलान ऐसे समय पर किया है जब भारत ने राजनयिक तनाव के बाद मालदीव को दी जाने वाली आर्थिक सहायता को 22 फीसदी घटा दिया है। भारत अगले वित्त वर्ष में 600 करोड़ रुपये की वित्तीय मदद मालदीव को देने जा रहा है जो पहले के मुकाबले 170 करोड़ रुपये कम है। इसके बाद मोहम्मद मुइज्जू अब पाकिस्तान की शरण में पहुंचे हैं। यही नहीं मालदीव के टूरिज्म चार्ट में भी भारत पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। भारत संग चल रहे तनाव के बीच पाकिस्तान के प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर और मालदीव के राष्ट्रपति के बीच टेलिफोन पर बातचीत हुई है। इस दौरान दोनों ही देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा हुई। मालदीव के राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान जारी करके इसकी जानकारी है। काकर ने मुइज्जू को आश्वासन दिया कि मालदीव की विकास की जरूरतों को पूरा करने के लिए पाकिस्तान की सरकार उसे मदद देगी। पाकिस्तान और चीन दोनों ही करीबी दोस्त हैं और भारत के खिलाफ चालें चलते रहते हैं।

### दुबई जाने वाले भारतीयों को एमिरेट्स एयरलाइन ने दी बड़ी खुशखबरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। दुबई की एमिरेट्स एयरलाइन ने बुधवार को एक बड़ी घोषणा की है। एयरलाइन भारतीय पासपोर्ट धारकों के लिए प्री अप्रूव्ड वीजा ऑन अराइवल की घोषणा की है। यह सुविधा सिर्फ उन लोगों को ही मिल सकेगी, जो एमिरेट्स एयरलाइन के साथ अपनी बुकिंग कराएंगे। 14 दिनों के लिए सिंगल एंट्री का वीजा मिलेगा। इस नई पहल के जरिए अमीरात के पैसेंजर दुबई पहुंचने पर लंबी–लंबी लाइन से बचने में सक्षम होंगे। आवेदन दुबई वीजा प्रोसेसिंग सेंटर की ओर से पूरा किया जाता है। यूएई वीजा के लिए एमिरेट्स एयरलाइन की ओर से वीएफएस ग्लोबल के साथ पार्टनरशिप की गई है। नई पहल यात्रियों को सीमा शुल्क के माध्यम से आसानी से नेविगेट करने की अनुमति देकर इस आगमन प्रक्रिया को सरल बनाएगी। इसके लिए कम से कम छह महीने के लिए पासपोर्ट का वैध होना जरूरी है। भारतीय पासपोर्ट धारकों के पास अमेरिकी वीजा या ग्रीन कार्ड होना चाहिए या यूरोपीय यूनियन या यूके की रेजीडेंसी जो कम से कम छह महीने के लिए वैध हो। पात्र यात्रियों को 2017 से यूएई के हवाई अड्डों पर वीजा ऑन अराइवल की सुविधा मिल रही है। उड़ान से उतरने के बाद आम तौर पर इमीग्रेशन काउंटर पर पासपोर्ट पर वीजा की मुहर लगाई जाती है। नई सुविधा में अमीरात के ग्राहक वीजा की पहले से व्यवस्था कर सकते हैं। इससे उनके आगमन की सुविधा आसान हो जाएगी।

### भारत और यूएई की दोस्ती की मिसाल बनेगा भव्य हिंदू मंदिर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अबू धाबी। यूएई की राजधानी अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन फरवरी में होगा। इसके उद्घाटन से पहले अधिकारियों ने कहा कि मंदिर का आधार सहिष्णुता और सद्भाव है। यह गुलाबी बलुआ पत्थर और सफेद संगमरमर से बना है, जिसे बनाने में 700 करोड़ रुपए से ज्यादा का खर्च आया है। 14 फरवरी को पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से एक समारोह में इसका उद्घाटन किया जाएगा। मंदिर का निर्माण BAPS स्वामीनारायण संस्था ने किया है। संस्था ने इसे यूएई और उसके नेताओं और लोगों के खुलेपन और समावेश का संकेत बताया। BAPS के अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रमुख स्वामी ब्रह्मबिहारीदास ने बुधवार को मंदिर स्थल पर कहा कि सद्भाव और सहिष्णुता राष्ट्र की आत्मा है। उन्होंने मंदिर निर्माण की इजाजत के लिए यूएई के नेताओं का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, ‘यह हिंदुओं के लिए पूजा स्थल है। लेकिन BAPS हिंदू मंदिर का मूल विचार इस धरती पर सद्भाव को बढ़ावा देना है।’ उन्होंने आगे कहा कि मंदिर शांति को बढ़ावा देगा और यह यूएई और भारत के बीच घनिष्ठ संबंधों का भी प्रतीक होगा।

# आम चुनाव से पहले बलूचिस्तान में हुए बम और ग्रेनेड हमले

**हमला**

## पुलिस ईगल फोर्स वाहन को बनाया निशाना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



बलूचिस्तान। पाकिस्तान में आम चुनाव होने वाले हैं। चुनावों से पहले पाकिस्तान के कई शहरों में बम विस्फोट की खबरें भी सामने आ रही हैं। वहीं, ताजा जानकारी के अनुसार, आम चुनाव से पहले बलूचिस्तान में 10 बम और ग्रेनेड हमलों में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। द बलूचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, आम चुनावों से पहले बलूचिस्तान में बम विस्फोट और गोलीबारी सहित कई हमले हुए हैं, जिससे कई लोग हताहत हुए हैं और संपत्ति को नुकसान हुआ है।

पुलिस के मुताबिक, बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में बम विस्फोट की घटना सामने आई है, जिसमें सब्जाल रोड पर पुलिस चौकी के पास एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

इसके अलावा, द बलूचिस्तान पोस्ट के अनुसार, क्वेटा में कंबरानी रोड पर पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज (पीएमएल–एन) चुनाव कार्यालय और एक पुलिस ईगल फोर्स वाहन को निशाना बनाकर लगातार दो विस्फोट किए गए। कथित तौर पर, अज्ञात व्यक्तियों ने पीएमएल–एन कार्यालय पर हथगोले और ईगल फोर्सेज वाहन पर तात्कालिक विस्फोटक उपकरणों का इस्तेमाल किया। हालाँकि, इस दौरान किसी के हताहत होने की सूचना सामने नहीं आई है, लेकिन ईगल फोर्सेज वाहन को गंभीर क्षति हुई है।

द बलूचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, चुनाव उम्मीदवारों पर इन हमलों के बाद, पाकिस्तान चुनाव निकाय ने नोटिस लिया है और बलूचिस्तान के मुख्य सचिव और महानिरीक्षक से तत्काल रिपोर्ट का अनुरोध किया है।

एक अन्य घटना में, अज्ञात बंदूकधारियों ने कलात के मंगोचर इलाके में कराची से क्वेटा तक एन–25 राजमार्ग पर पत्थर ले जा रहे एक ट्रॉलर पर हमला कर दिया, जो 24 घंटे के भीतर उसी राजमार्ग पर प्राकृतिक संसाधन अन्वेषण कंपनियों पर दूसरा हमला है। इसके अलावा, पाकिस्तान तटरक्षक कार्यालय के मुख्य द्वार पर एक हथगोला फेंका गया। हालाँकि, इसमें विस्फोट नहीं हुआ। द बलूचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, बाद में बम निरोधक दस्ते ने ग्रेनेड को निष्क्रिय कर दिया। इसी तरह की एक घटना में, एक अज्ञात व्यक्ति ने मस्तुंग जिले की सेंट्रल जेल पर भी हथगोला फेंका, जिसमें सिपाही मुदासिर नाम का एक सैनिक घायल हो गया, जिसे बाद में अस्पताल ले जाया गया।

## इमरान खान के लिए बढ़ती जा रही है मुश्किल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान को जेल हो गई है। लेकिन उनकी मुश्किल इतने पर ही कम नहीं होने वाली। इमरान खान की जान खतरे में हैं। इमरान खान के करीबी डॉ. सलमान अहमद ने ये दावा किया है। इमरान खान के हाथ से पहले सत्ता गई। फिर उन्हें जेल में डाल दिया गया और अब 8 फरवरी को होने वाले चुनाव के लिए उनका नामांकन भी रद्द कर दिया गया है।

पाकिस्तान की सेना इमरान को पूरी तरह से गायब करना चाहती है। अब इमरान खान को पाकिस्तान की सेना की ओर से जिंदा रहने के लिए तीन विकल्प दिए गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक सेना ने सबसे पहला विकल्प दिया है कि इमरान पाकिस्तान के लोगों से औपचारिक माफी मांगें और राजनीति से दूर रहें। उन्हें विकल्प दिया गया है कि वह अपने परिवार के सदस्यों का नामांकन कराकर चुनावी राजनीति का हिस्सा बनें। इमरान को दूसरा विकल्प है कि वह बनी गाला में रहें और अपनी पार्टी पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसान के चुनावी मामले में भाग न लें।

पार्टी का चुनाव चिन्ह क्रिकेट बैट खोने के कुछ सप्ताह बाद खान ने 1 फरवरी को अंतर–पार्टी चुनाव कराने की घोषणा की थी।



### फ्लोरिडा मोबाइल होम पार्क में विमान हादसा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** क्लियरवॉटर। फ्लोरिडा मोबाइल होम पार्क में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अग्निशमन अधिकारियों ने कहा कि इस विमान हादसे में एक सवार शख्स और एक घर में कई लोगों की मौत हो गई। सिंगल–इंजन बीचक्राफ्ट बोनान्जा V35 के पायलट ने शाम लगभग 7 बजे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से कुछ देर पहले समस्या की सूचना दी। अधिकारियों ने कहा, क्लियरवॉटर फायर चीफ स्कॉट एहलर्स ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि विमान ने एक घर को टक्कर मार दी और दुर्घटना में लगभग तीन घरों में आग लग गई। हालांकि, आग पर तुरंत काबू पा लिया गया है। एहलर ने कहा, विमान एक संरचना में पाया गया था।

# कनाडा में हरदीप सिंह निज्जर के करीबी के घर गोलीबारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

- भारत के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल रहा है सिमरनजीत सिंह
- फिलहाल किसी के मारे जाने या घायल होने की सूचना

ओटावा। कनाडा में मारे गए आतंकी हरदीप सिंह निज्जर के करीबी सिमरनजीत सिंह के आवास पर कई गोलियां चली हैं। स्थानीय मीडिया ने इसके बारे में जानकारी दी है। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने दक्षिणी सरे में इस गोलीबारी की पुष्टि की है। फिलहाल अभी तक किसी के घायल होने की जानकारी नहीं दी गई है। पुलिस की ओर से जांच की जा रही है। लेकिन खालिस्तान समर्थक गुटों ने भारत की संलिप्तता का आरोप लगाया है। उन्होंने भारतीय वाणिज्य दूतावास के बाहर विरोध प्रदर्शन आयोजित करने में सिमरनजीत की हालिया भूमिका का हवाला दिया।

पुलिस ने एक बयान में कहा, सरे RCMP को दक्षिणी सरे में एक आवास पर गोलीबारी की घटना के बारे में जानकारी मिली है। 1 फरवरी 2024 को लगभग 1:21 बजे 154 स्ट्रीट के 2800 ब्लॉक में एक आवास में गोलीबारी की सूचना मिली। फ्रंटलाइन अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया। उन्हें गोलीबारी से जुड़े सबूत मिले हैं। पुलिस ने अपने बयान में किसी का नाम नहीं लिया।

रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिटिश कोलंबिया गुरुद्वारा परिषद के प्रवक्ता मोनिंदर सिंह ने कहा, शसिमरनजीत सिंह को ऐसा लगता है कि यह काम भारत सरकार या उससे जुड़े लोगों का है, जो उन्हें डराने के लिए ऐसा कर रहे हैं। क्योंकि वह काफी सक्रिय हैं। उन्होंने आगे कहा, कम्युनिटी के लोगों का मानना है कि सिमरनजीत सिंह का हरदीप सिंह निज्जर के साथ कनेक्शन इस गोलीबारी का कारण है। पिछले साल निज्जर की कनाडा में हत्या हुई थी।

### चीन के हर खतरे से निपट सकेगा भारत, ड्रैगन की बढ़ी धुकधुकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका ने सभी अटकलों को खारिज करते हुए भारत को करीब 4 अरब डॉलर के 31 प्रीडेटर ड्रोन देने के समझौते को मंजूरी दे दी है। इस सौदे के तहत भारत को एमक्यू–9 बी सी गार्डियन ड्रोन के साथ किलर मिसाइलें और अन्य उपकरण मिलेंगे। इससे पहले अमेरिकी संसद ने इस सौदे को अपनी मंजूरी दे दी थी। अमेरिका ने इस सौदे को मंजूरी देने के बाद अपने इरादे साफ कर दिए। अमेरिका ने कहा कि इस प्रस्तावित ड्रोन बिक्री से भारत चीन की ओर से आ रहे वर्तमान और भविष्य में आने वाले खतरों से निपटने की क्षमता में सुधार होगा।

अमेरिका सरकार ने कहा कि इस किलर ड्रोन से भारत की मानवरहित निगरानी और जासूसी गश्त करना आसान हो जाएगा। इससे पहले एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि अमेरिका की संसद ने खालिस्तानी आतंकी गुर पतवंत सिंह पन्नू की कथित रूप से हत्या की साजिश की जांच को लेकर भारत को यह ड्रोन देने पर रोक लगा दी है।


**Page Three**

**Classified**

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**

# लंबित परियोजनाओं को प्रत्येक दशा में मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश

**बैठक**

## डीएम ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यों की ली समीक्षा बैठक

**संवाददाता**



चमोली। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि जेजेएम के अंतर्गत समस्त परियोजनाओं को प्रत्येक दशा में मार्च 2024 तक पूर्ण करने के साथ ही सभी घरों में पाइप लाइन के जरिए स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि लंबित परियोजनाओं को पूर्ण करने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया जाए और रेगुलर मॉनिटरिंग करते हुए अवशेष कार्यों को मिशन मोड में पूर्ण किया जाए। हर घर जल सर्टिफिकेशन के लिए रोस्टर निर्धारित करते हुए सर्टिफिकेशन कार्यो तेजी लाई जाए। जिन घरों में एफएचटीसी हो गई है, उनको शीघ्र पोर्टल पर अपलोड करें। इस दौरान जल संस्थान एवं निगम के सभी डिवीजनों के अन्तर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में जल निगम गोपेश्वर के अधिशासी अभियंता के उपस्थित न रहने पर उनका स्पष्टीकरण तलब किया गया।

जल संस्थान के अधीक्षण अभियंता सुशील कुमार सैनी ने अवगत कराया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत में 76344 घरेलू जल संयोजन के सापेक्ष अभी तक 76168 घरेलू जल संयोजन किए जा चुके है और 99.77 प्रतिशत एफएचटीसी का कार्य पूरा कर लिया गया है। अवशेष 176 घरेलू संयोजन का कार्य प्रगति पर है। विकासखंड दशोली, नंदानगर, जोशीमठ, पोखरी, देवाल और थराली में एफएचटीसी का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। दूसरे चरण में 547 योजनाओं में से 222 पूर्ण और 325 योजनाएं प्रगति पर है, जो अगले माह मार्च तक पूर्ण कर ली जाएंगी। जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल योजनाओं के पुनर्गठन एवं जल स्रोतों के सुधारीकरण के लिए आवंटित 24434.50 लाख बजट के सापेक्ष 6945.43 लाख व्यय कर लिया गया है। कुल 1252 योजनाओं में से 474 योजनाओं की जियो टैगिंग कर ली गई है। नलकूप पेयजल योजनाओं के लिए विद्युत कनेक्शन कर लिए गए है। जनपद के सभी 1376 विद्यालयों, 953 आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं 592 पंचायत भवनों में एफएचटीसी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

बैठक में जल संस्थान के अधीक्षण अभियंता सुशील कुमार सैनी, अधिशासी अभियंता एसके श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता मुकेश कुमार, जल निगम कर्णप्रयाग के अधिशासी अभियंता अरुण प्रताप सिंह, गोपेश्वर के सहायक अभियंता सुरेंद्र लाल, एसडीओ जुगल किशोर आदि उपस्थित थे।

## न्यूज डायरी

### निगमों के कर्मचारियों को सभी लाभ देने की मांग

**संवाददाता** देहरादून। राज्य निगम कर्मचारी अधिकारी महासंघ ने नवनियुक्त मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। महासंघ ने मुख्य सचिव से सभी निगम कर्मचारियों को भी राज्य कर्मचारियों के समान सभी लाभ सुनिश्चित कराने की मांग की। कहा कि निगमों को कभी भी समय पर महंगाई भत्ते समेत अन्य लाभ नहीं मिल पाते। राज्य कर्मियों को लाभ देने को लेकर होने वाले हर आदेश को निगमों पर लागू कराने को लेकर अलग से दबाव बनाना पड़ता है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आश्वस्त किया कि निगमों के कर्मचारियों से जुड़े सभी विषयों का समय पर निस्तारण होगा। जल्द महंगाई भत्ते की जुलाई 2023 से मिलने वाली किश्त का भुगतान किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में महासचिव बीएस रावत, दिनेश पन्त, अनुराग नौटियाल, श्याम सिंह, रमेश बिंजौला, संदीप मल्होत्रा, टीएस बिष्ट, दिवाकर शाही, विजय खाली, रामकुमार मौजूद रहे।

### डीबीयूयू में फैशन शो, तपस्या बनीं बेस्ट डिजाइनर

**संवाददाता** देहरादून। देवभूमि उत्तराखंड यूनिवर्सिटी मांडूवाला में शुक्रवार को फैशन विभाग के ग्रेजुएशन शो का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं ने डिजाइनर कलेक्शंस ने अपना जलवा बिखेरा। जिसमें तपस्या को बेस्ट डिजाइनर के खिताब से नवाजा गया। शो में इटेलियन फैशन, सरफेस एमबेलेंशमेन्ट, कोरल और ब्राइड मेड थीम्स पर आधारित बेहतरीन कलेक्शंस को दिखाया गया। इस दौरान जिज्ञासा, प्रिया, आँचल, निकिता, शगुन, कार्तिक, अनिष्का, काजल ने अपने कलेक्शंस से फैशन जगत में नयी तस्वीर की उम्मीद जगाई। वहीं आखिर में विभिन्न वर्गों में विजेताओं की घोषणा की गयी, जिसमें तपस्या को बेस्ट डिजाइनर, प्रियंका को बेस्ट थीम, काजल को बेस्ट ड्रेप, अनिष्का को बेस्ट एमबेलेंशमेन्ट, शगुन को बेस्ट सिलविट्स के खिताब से नवाजा गया।

### बजट 2024 पर आशीष कुमार चौहान, एमडी और सीईओ, एनएसई की प्रतिक्रिया

**संवाददाता** देहरादून। मैं अंतरिम बजट को 10 में से 10 नंबर देता हूं। यह बजट नीतियों और कराधान पर निरंतरता सुनिश्चित करते हुए विकास, कल्याणवाद और राजकोषीय संयम पर केंद्रित है। इन्फ्रास्ट्रक्चर पर अधिक खर्च के माध्यम से क्षमता निर्माण पर ध्यान केंद्रित करना और परिणामस्वरूप रोजगार सृजन को सुविधाजनक बनाने की कोशिश जारी रखी गई है। साथ ही, बजट गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए पर्याप्त प्रावधान करता है, जो समग्र आर्थिक विकास के लिए अच्छा संकेत है। यह कदम एक अनिश्चित दुनिया में अच्छी स्थिति में रहने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में प्रस्तावित गति सीमा पर मुहर

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में प्रस्तावित गति सीमा पर मुहर लगाते हुए सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। जनपद रुद्रप्रयाग से होकर निकलने वाले वाहनों हेतु अधिकतम गति सीमा निर्धारित करते हुए परिवहन विभाग द्वारा इसका अनुपालन करने की अपील की गई है। अनुपालन नहीं करने वालों पर परिवहन विभाग सहित पुलिस प्रशासन की सख्त नजर रहेगी एवं नियमानुसार चालान के साथ अन्य कार्यवाही होगी।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी निखिलेश कुमार ओझा ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के मार्गों से होकर निकलने वाले वाहनों के लिए श्रेणीवार अधिकतम गति सीमा निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग में भारी वाहनों की निर्धारित गति सीमा 30 किमी जबकि हल्के व दुपहिया वाहनों के लिए 40 किमी. प्रति घंटा निर्धारित की गई है। इसी तरह राज्य मार्ग में भारी वाहनों के लिए 25 तथा हल्के व दुपहिया वाहनों हेतु 35 किमी प्रति घंटा अधिकतम गति सीमा निर्धारित की गई है।

ग्रामीण मार्ग पर भारी वाहनों के लिए 20 किमी प्रति घंटा जबकि हल्के व दुपहिया वाहनों हेतु 25 किमी प्रति घंटा निर्धारित की गई है। बताया कि अन्य जनपदीय मार्ग पर 20 किमी प्रति घंटा भारी वाहनों हेतु तथा 25 किमी हल्के व दुपहिया वाहनों के लिए निर्धारित की गई है।




## सभी प्रोजेक्ट्स के निर्माण के दौरान इंटिग्रेटेड प्लान के साथ कार्य करने के निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। राज्य में परियोजनाओं के निर्माण के संदर्भ में संसाधनों के अपव्यय को समाप्त करने दृष्टिगत मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने व्यय वित्त समिति (ईएफसी) की बैठक में सम्बन्धित अधिकारियों को सभी प्रोजेक्ट्स के निर्माण के दौरान इंटिग्रेटेड प्लान के साथ कार्य करने की कड़ी हिदायत दी है। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने अधिकारियों को स्पष्ट किया है कि परियोजनाओं के विकास के दौरान मानव संसाधन, भवन, उपकरणों तथा प्रोजेक्ट्स के आउटकम पर एकीकृत समझ के साथ कार्य किया जाए। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने गोपेश्वर एवं रूड़की के डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल में बनने वाले 50 बैड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक की समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य विभाग को सख्त हिदायत दी है कि हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास की दृष्टि से राज्य में नए निर्माणों से भी अधिक वर्तमान अस्पतालों, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं सेवाओं को मजबूत करने एवं सुधारने की जरूरत है।

# आधे दर्जन से अधिक विषय के शिक्षकों के पद है रिक्त

### पुरोला में शिक्षकों की नियुक्ति की मांग को ज्ञापन भेजा

**संवाददाता** उत्तरकाशी। अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज गुंदियाटगांव में हिंदी, संस्कृत एवं भूगोल जैसे महत्वपूर्ण आधे दर्जन से अधिक विषय के शिक्षकों के पद रिक्त चल रहे हैं। स्कूल में रिक्त पदों पर शिक्षकों की नियुक्तियों की मांग को लेकर अभिभावक शिक्षक संगठन ने शिक्षा मंत्री को ज्ञापन भेजा है।

अभिभावक शिक्षक संगठन ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि शिक्षकों के वर्षों से रिक्त पदों का खामियाजा छात्र–छात्राओं को आने वाली बोर्ड परीक्षाओं में भुगतना पड़ रहा है। अभिभावकों ने कहा कि बीते चार वर्ष से संस्कृत, अर्थशास्त्र, भूगोल आदि महत्वपूर्ण विषय के अध्यापक न होने से छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है तथा अभिभावकों को अपने पाल्यों के भविष्य की चिंता सताने लगी है। शिक्षामंत्री को प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि पुरोला के रामा सिरांई पट्टी के गुंदियाटगांव में 8 से अधिक गांव के बीच बने एक मात्र अटल उत्कृष्ट राइंका में भूगोल व अर्थशास्त्र हिंदी समेत संस्कृत जैसे महत्वपूर्ण विषय के प्रवक्ताओं के पद वर्षों से खाली पड़े हैं। जिससे सरबडियाड सहित रामा सिरांई के ग्रामीण क्षेत्र के गरीब परिवारों के छात्र–छात्राओं को पढ़ाई में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

पूर्व अभिभावक–शिक्षक संगठन के अध्यक्ष बृजमोहन चौहान ने कहा कि वार्षिक बोर्ड परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं व कॉलेज में शिक्षकों की तैनाती न होने से हमारे पाल्यों के भविष्य पर संकट खड़ा हो गया है।

ज्ञापन में अभिभावकों ने शिक्षा मंत्री से गुहार लगाई है कि चुनाव आचार संहिता लगने से पहले रिक्त पदों पर अध्यापकों की तैनाती की जाय जिससे नौनिहालों का भविष्य सुरक्षित हो सके।

ज्ञापन पर अभिभावक शिक्षक संगठन के पूर्व अध्यक्ष बृजमोहन चौहान, राजवीर राणा, देवेंद्र सिंह पंवार, सम्पूर्णानंद विजल्वाण, विरेन्द्र सिंह ज्याडा,शूरवीर सिंह रावत, विजयपाल सिंह रावत आदि अभिभावकों के हस्ताक्षर हैं।

## राहुल गोयल बने चारधाम यात्रा के एडिशनल कलेक्टर

**संवाददाता** ऋषिकेश। नगर आयुक्त ऋषिकेश के पद से हटाकर कमिश्नर कार्यालय में अटैच किए पीसीएस राहुल कुमार गोयल को चारधाम यात्रा का एडिशनल कलेक्टर बनाया गया है। कमिश्नर विनय शंकर पांडेय ने इसके आदेश जारी किए हैं। राहुल कुमार गोयल अब ऋषिकेश से संचालित होने वाली चारधाम यात्रा के प्रबंधन की जिम्मेदारी संभालेंगे। वह चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर शनिवार को यात्रा ट्रांजिट एवं पंजीकरण केंद्र भी पहुंच सकते हैं। चारधाम यात्रा प्रबंधन एवं नियंत्रण संगठन ऋषिकेश में निजी सचिव एके श्रीवास्तव ने बताया कि इस बाबत केंद्र मुख्यालय को जानकारी मिल गई है। मालूम हो कि नगर आयुक्त राहुल कुमार गोयल ने तकरीबन सालभर तक ऋषिकेश में नगर निगम के नगर आयुक्त पद का जिम्मा संभाला। हाल ही में एकाएक पीसीएस अधिकारियों के स्थानांतरण के दौरान उन्हें शासन ने गढ़वाल आयुक्त कार्यालय से अटैच कर दिया था।

*यदि आप एक बार अपने साथी का, भरोसा तोड़ देंगे तो फिर कभी आप, उनका सत्कार और सम्मान नहीं पा सकेंगे! –अज्ञात।*



विचार-प्रवाह देहरादून, शनिवार, 3 फरवरी 2024

पेज थ्री
www.page3news.in

# सीमा पार आतंकवाद

**ईरान ने जैश अल–अदल नाम के जिस आतंकवादी ग्रुप के ठिकाने को निशाना बनाने की बात कही है, वह पाकिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्र में सक्रिय सुन्नी मुस्लिम ग्रुप है। यह ईरान की सीमा के अंदर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देता रहा है।**

अनिल शर्मा।।

ईरान की ओर से पाकिस्तान सीमा में स्थित एक आतंकवादी ठिकाने पर किए गए मिसाइल और ड्रोन हमलों ने पहले से ही तनावग्रस्त और संवेदनशील इस पूरे क्षेत्र की शांति और स्थिरता को खतरा पैदा कर दिया है। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब 100 दिनों से भी ज्यादा समय से इस्राइल और हमास के बीच गाजा में चल रहे युद्ध के चलते पूरा मध्य–पूर्व असाधारण तनाव से गुजर रहा है। यही नहीं, यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोही लाल सागर से गुजरते जहाजों को लगातार निशाना बना रहे हैं, जिससे ग्लोबल ट्रेड प्रभावित हो रहा है।

ईरान ने जैश अल–अदल नाम के जिस आतंकवादी ग्रुप के ठिकाने को निशाना बनाने की बात कही है, वह पाकिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्र में सक्रिय सुन्नी मुस्लिम ग्रुप है। यह ईरान की सीमा के अंदर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देता रहा है। ध्यान रहे, दोनों देशों के बीच करीब 950 किलोमीटर लंबी सीमा है। इसका ज्यादातर हिस्सा सिस्तान बलूचिस्तान प्रांतों में पड़ता है। ईरान शिया बहुल देश है, लेकिन इसके सिस्तान प्रांत में ज्यादातर सुन्नी आबादी रहती है।



दोनों देशों के बीच रिश्तों में उतार–चढ़ाव आते रहे हैं, लेकिन उनके बीच न केवल कूटनीतिक संबंध बने हुए हैं बल्कि व्यापार, सुरक्षा, ऊर्जा जैसे क्षेत्रों को लेकर बातचीत और सहयोग भी जारी है। यह हमला अप्रत्याशित इसलिए भी माना गया क्योंकि उसी दिन दावोस में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और ईरान के विदेश मंत्री की मुलाकात हुई थी।

मगर इस मामले का ज्यादा बड़ा पहलू यह है कि यह एक सप्ताह में तीसरा मौका है, जब ईरान ने किसी और देश की क्षेत्रीय सीमाओं का उल्लंघन करते हुए हमला किया। इससे पहले इराक और सीरिया पर भी उसके हमले हुए। इस वजह से यह सवाल पूछा जा रहा है कि क्या यह बढ़ी हुई आक्रामकता ईरान की किसी लंबी रणनीति का हिस्सा है। हालांकि ईरान का कहना है कि वह गाजा युद्ध से फैलते संघर्ष का हिस्सा नहीं बनना चाहता। लेकिन हूती, हमास, हिजबुल्ला जैसे कई ग्रुप हैं, जिन्हें वह प्रतिरोध की धुरी कहता है और जो संघर्ष को आगे बढ़ाने में सीधे तौर पर शामिल हैं। लाल सागर से गुजरते जहातों पर हूती विद्रोहियों के हमलों को रोकने के लिए अमेरिका और सहयोगी देशों ने भी इनके ठिकानों पर हमले किए हैं। हालांकि उसके बाद भी हूती विद्रोहियों ने अपना अभियान जारी रखने की बात कही है।

ईरान समर्थित ग्रुप्स के हमलों और इराक व सीरिया के बाद अब परमाणु शक्ति संपन्न पाकिस्तान पर उसकी कार्रवाई को समग्रता में देखें तो गाजा में चल रहे युद्ध के बड़े दायरे में फैलने का गंभीर खतरा साफ दिखता है।

## सती वृंदा देवी





**अशोक वोहरा।** दैत्य जालंधर की यह भूमि जलंधर नाम से विख्यात है। सती वृंदा का मंदिर मोहल्ला कोट किशनचंद में स्थित है। कहते हैं इस स्थान पर एक प्राचीन गुफा थी, जो सीधी हरिद्वार तक जाती थी। सच्चे मन से 40 दिन तक सती वृंदा देवी के मंदिर में पूजा करने से सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं। सतयुग और त्रेता युग बीतने के बाद जब द्वापर युग आया तो पृथ्वी पर झूठ, अन्याय, असत्य, अनाचार और अत्याचार होने लगे और फिर प्रतिदिन उनकी अधिकता में वृद्धि होती चली गईद्य अधर्म के भार से पृथ्वी दुखित हो उठी। उसने ब्रह्मा, विष्णु और शिव के पास पहुंचकर प्रार्थना की कि वे उसे इस असहनीय भार से मुक्त करें द्य लेकिन वे तीनों ही पृथ्वी को इस भार से मुक्त करने में असमर्थ थेद्य कोई उपाय न देखकर विष्णु ने कहा "चलिए, हम लोग भगवान के पास चलेंद्य वही हमें कोई उपाय बता सकेंगे।"

## संपादकीय

### ब्लैक लाइव्स मैटर

अश्वेत लोग नस्लवाद के संदर्भ में बरसों से वोक्स शब्द का इस्तेमाल करते आए हैं, लेकिन अमेरिका में बड़े पैमाने पर इसका चलन कुछ साल पहले शुरू हुआ। 2014 में जब अश्वेत माइकल ब्राउन की पुलिस ने हत्या कर दी, तब नस्लवाद के खिलाफ अमेरिका और दुनिया में कई जगहों पर आंदोलन शुरू हुए। इस आंदोलन की पहचान स्टे वोक्स नारा बना। इसके बाद यह शब्द इंटरनेट कल्चर का हिस्सा बना और यहां से इसका इस्तेमाल तेजी से बदला। तब नस्ल के साथ किसी भी मुद्दे पर प्रगतिशील सोच के लिए वोक्स शब्द का प्रयोग होने लगा। तब अश्वेतों के मुकाबले सोशल मीडिया पर सक्रिय श्वेत लोगों के लिए इस शब्द का कहीं ज्यादा इस्तेमाल किया जाने लगा और रिपब्लिकन लीडर्स ने इसे विरोधियों को नीचा दिखाने के लिए हथियार बना लिया। अमेरिका के रिपब्लिकन नेता यह दिखाना चाहते हैं कि दूसरे देशों से आने वाले प्रवासी श्वेत अमेरिकियों की नौकरी छीन रहे हैं, इसलिए इन्हें रोका जाना चाहिए। उनके मुताबिक, जेंडर डायवर्सिटी और माइनॉरिटीज को सही प्रतिनिधित्व देने जैसे प्रगतिशील मुद्दों के कारण श्वेतों का हक छीना जा रहा है, मेरिट से खिलवाड़ हो रहा है। वे दिखाना चाहते हैं कि लेफ्ट डेमोक्रेट्स और उनकी ूवाम नीतियों के कारण देश तबाह हो रहा है।

बहुत ममकिन है कि वही रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति चुनाव में प्रत्याशी बनें। लेकिन ट्रंप हों, डेसैंटिस या रामास्वामी, इन सबने अमेरिका में वोक्स कल्चर पर हमला किया है।

# वोक्स शब्द का इतिहास

मृत्युंजय राय।।

बहुत वक्त नहीं गुजरा जब फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसैंटिस राष्ट्रपति चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी बनने की दौड़ में डॉनल्ड ट्रंप से आगे चल रहे थे, लेकिन यह आशा पिछले साल ही खत्म हो गई थी। रही–सही कसर कुछ दिनों पहले के आयोवा प्राइमरी में पूरी हो गई, जहां ट्रंप 51 प्रतिशत वोटों के साथ डेसैंटिस, निकी हेली और विवेक रामास्वामी से कहीं आगे रहे। बहुत ममकिन है कि वही रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति चुनाव में प्रत्याशी बनें। लेकिन ट्रंप हों, डेसैंटिस या रामास्वामी, इन सबने अमेरिका में Woke कल्चर पर हमला किया है। आइए समझते हैं कि यह क्या है? यह शब्द अमेरिका में अश्वेतों की अनौपचारिक बोल–चाल में बहुत पहले से शामिल रहा है। वोक्स का शब्दशरू अर्थ है– सचेत रहो। अमेरिका में इसका इतिहास 20वीं सदी की शुरुआत से जोड़ा जाता है। वहां 1904 में बाल्टिमोर एफ्रो–अमेरिकन अखबार के संपादकीय में अश्वेत पाठकों से अपील की गई थी, वोक्स, वोक्स (जागो, जागो।)' अमेरिका में तब नस्ल के आधार पर अश्वेतों के साथ काफी भेदभाव होता था।

1938 में हुडी लेडबेटर नाम के अश्वेत गायक ने अश्वेतों को आगाह किया था, best stay woke, keep their eyes open अलाबामा के स्कॉट्सबरो में 9 अश्वेत युवकों को बलात्कार के आरोप में झूठा फंसाने के मामले को लेकर उन्होंने यह लिखा था। उन युवकों पर 1930 के दशक की शुरुआत में दो श्वेत महिलाओं के बलात्कार का झूठा इल्जाम लगाया गया था। वहीं, 1962 में अश्वेत लेखक विलियन मेल्विन केली ने पहली बार प्रिंट में (न्यूयॉर्क टाइम्स अखबार में) वोक्स शब्द का मतलब समझाते हुए लिखा था– 'जिसे पता हो कि दुनिया में क्या चल रहा है।' बाद में हर तरह की प्रगतिशील सोच के लिए इस शब्द का प्रयोग होने लगा।





अब सवाल यह है कि रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं की इस शब्द से क्या नाराजगी है? रॉन डेसैंटिस कह चुके हैं, 'हम ॅवाम के खिलाफ जंग छेड़ेंगे। हम शिक्षा के क्षेत्र में ॅवाम से लड़ेंगे। हम कंपनियों में ॅवाम के विरुद्ध लड़ेंगे। हम ॅवाम लोगों की भीड़ के सामने कभी सरेंडर नहीं करेंगे३यह एक तरह का सांस्कृतिक मार्क्सवाद है। इसमें मेरिट की जगह नहीं है। आइडेंटिटी पॉलिटिक्स के नाम पर मेरिट की अनदेखी होती है।'

ट्रंप भी कह चुके हैं, 'अमेरिका में wokester को Patriot से रिप्लेस करेंगे।' लेकिन पिछले साल उन्होंने यह भी कहा था, 'मुझे ूवोक्स शब्द पसंद नहीं। मैं बस वोक्स सुन रहा हूं। लेकिन आधे लोगों को पता ही नहीं है कि इस शब्द का मतलब क्या है। बस वे इसका रट्टा लगाते रहते हैं।' राष्ट्रपति चुनावों में प्रत्याशी बनने की दौड़ से बाहर हो चुके विवेक रामास्वामी के मुताबिक, वोक्स होने का मतलब है नस्ल, जेंडर और सेक्सुअल ओरिएंटेशन को लेकर पागलपन। शायद, क्लाइमेट चेंज को लेकर भी ूवाम लोगों में यही पागलपन है।

इसी रणनीति के तहत ट्रंप ने 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' जैसा नारा दिया। लेकिन सचाई इसके उलट है। अमेरिका आज भी दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी और फौजी ताकत है।

### सूडोकु बवाल-5385

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु बवाल -5384 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

## अपना ब्लॉग

### धर्म से परे

**मोहन।** अयोध्या जितनी पवित्र हिंदुओं के लिए है, उतनी ही पवित्र है बौद्ध और जैन धर्म वालों के लिए भी। मान्यता है कि भगवान बुद्ध ने अयोध्या में कई बरस बिताए थे, यहां तपस्या की। वहीं, जैन धर्मावलंबियों की मान्यता के मुताबिक, भगवान ऋषभदेव का जन्म अयोध्या में ही हुआ था। उनके अलावा चार और तीर्थंकरों का कनेक्शन बताया जाता है अयोध्या से। तो क्यों न इस कनेक्शन को और विस्तार दिया जाए। इस बार धर्म से परे, सभ्यताओं को क्यों न जोड़ा जाए। अयोध्या में अगर पोप के नाम का चौराहा हो, गलियां हों सुकरात और अरस्तु के नाम पर, तो कैसा रहेगा! सोचिए कैसा हो कि अगर रामभक्त वेटिकन सिटी मार्ग से होकर रामपथ पर पहुंचें या सेंट पीटर चौराहे से सीधे कन्फ्यूशियस रोड पर निकल जाएं! नाम बस नाम भर नहीं होते। इनसे बहुत कुछ बदल जाता है। अपना कैरेक्टर ले आते हैं, अपनी तहजीब, अपनी भाषा–बोली, अपना इतिहास। वह उसका हिस्सा बन जाते हैं, जिससे उन्हें जोड़ा गया है। एक वक्त बाद दोनों की पहचान को अलग–अलग करना संभव नहीं होता। अगर अयोध्या में सुकरात या अरस्तु आते हैं, तो वे भी साकेत वासी हो जाएंगे। अयोध्या की अहमियत देश की सरहदों तक सीमित नहीं न रहे, यह वैश्विक हो।





## मनाली में बर्फ की चादरों से ढंका कंगना रनौत का घर

इन दिनों देशभर में मौसम ने पलटी मारी है। जहां दिल्ली एनसीआर के इलाकों में झमाझम बारिश हुई वहां पहाड़ों पर कई इलाकों में बर्फबारी शुरू हो चुकी है। हिमाचल के इलाकों में भी बर्फबारी हुई और मनाली में कंगना रनौत का घर भी बर्फ से पूरी तरह ढंक चुका है, जिसकी झलकियां एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर दिखाई है।
बर्फबारी का मौसम ऐसा होता है जहां दूर-दूर तक पहाड़, पेड़-पौधे और घर सिर्फ ब्लैक एंड वाइट हो जाते हैं, जहां हर तरफ सफेद बर्फ की चादरें दिखती हैं। कंगना रनौत हिमाचल मनाली की रहने वाली हैं और उन्होंने अपने घर के आसपास हुई बर्फबारी की खूबसूरत झलकियां सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं। उन्होंने अपने पोस्ट से इशारा किया है कि इस बर्फबारी का इंतजार वहां लोग किस कदर कर रहे थे। उन्होंने पोस्ट में लिखा है कि लंबे समय से सूखे मौसम से जूझ रहे हिमाचल में फाइनली बर्फबारी हो गई है। उन्होंने लिखा है ये बर्फबारी वहां के लोकल और सेब की खेती के लिए काफी जरूरी थी। कंगना ने मनाली से अपने घर की शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। उनके घर के चारों तरफ बर्फ की चादरें नजर आ रही हैं। कंगना ने स्नो फॉल की तीन तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें घर की छत, दूर पहाड़, पेड़-पौधे और रास्ते नजर आ रहे हैं।

## भांजी के संगीत में जमाल कुडु पर फिर थिरके मामू बॉबी देओल

बॉबी देओल फिलहाल अपनी हालिया फिल्म श्एनिमलश के जरिए जबरदस्त फेम हासिल कर रहे हैं, जिसमें रणबीर कपूर, अनिल कपूर और रश्मिका मंदाना हैं। अबरार हक के रोल में उन्हें बहुत प्यार मिला। फिल्म में अपने शानदार काम के अलावा, जमाल कुडु गाने पर बॉबी के हुकस्टेप ने काफी ध्यान खींचा और ये वायरल हो गया। बॉबी देओल और देओल परिवार इस समय धर्मेंद्र की नातिन निकिता चौधरी की शादी के जश्न के लिए उदयपुर में हैं। संगीत में, बॉबी देओल ने एक बार फिर अपने सिग्नेचर मूव्स को दिखाया है। वायरल श्जमाल कुडुश पर फिर से डांस करके लोगों के चेहरों पर हंसी ला दी। बॉबी देओल के फैन पेजेस पर एक वायरल वीडियो में, एनिमल स्टार उदयपुर में अपनी भांजी के संगीत में मंच पर अपने सिर पर एक गिलास को रखकर जमाल कुडु पर डांस करते हुए दिखाई दे रहे हैं। मैचिंग जैकेट और सफेद पायजामा के साथ स्टाइलिश काले कुर्ते में बॉबी ने क्या जबरदस्त डांस मूव्स किए। वीडियो में बाकी के मेहमान और रिश्तेदार भी उन्हें देखकर वैसा ही करने लगते हैं।

## दीदी प्रियंका के साथ काम कर चुकी हैं मन्नारा चोपड़ा



मन्नारा चोपड़ा ने बिग बॉस 17 में अपनी बेहतरीन परफॉर्मेंस से अपने फैंस का दिल जीता। डिवा ने फिल्म श्जिदश से बॉलीवुड में कदम रखा था। इसके अलावा वह श्थिक्काश, दुष्ट और सीता जैसी फिल्मों में नजर आईं। जो लोग नहीं जानते उन्हें बता दें कि मन्नारा चोपड़ा, प्रियंका चोपड़ा और परिणीति चोपड़ा की चचेरी बहन हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि मन्नारा का अपनी बहन, प्रियंका के साथ एक प्यारा रिश्ता है और हमें अक्सर इसका सबूत मिलता है। मन्नारा ने हाल ही में बताया कि प्रियंका को उनकी बिग बॉस जर्नी पर प्राउड महसूस हुआ। हालांकि, हमें हाल ही में एक वीडियो मिला है जिसमें मन्नारा को एक ऐड शूट के लिए अपनी चचेरी बहन प्रियंका के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए देखा जा सकता है। हाल ही में, बिग बॉस के एक फैन पेज ने ज्तपलंदां बेवचतं का एक पुराना ऐड वीडियो शेयर। हालांकि, फैंस को श्बिग बॉस 17श की क्वीन, डंददंतं बेवचतं को वहां देखने की जल्दी थी। हेयर केयर ऐड वीडियो में मन्नारा को उनकी बहन प्रियंका के साथ देखा जा सकता है। हालांकि, मन्नारा के फैंस उन्हें प्रियंका के साथ स्क्रीन पर देखकर बेहद खुश हो गए।

# जॉर्डन की काली मिट्टी में सनकर क्या कर रहे अक्षय और टाइगर

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*अक्षय कुमार फिलहाल इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली फिल्म श्बड़े मियां छोटे मियांश की शूटिंग में काफी व्यस्त हैं। पिछले कुछ दिनों से, टीम के सभी एक्टर्स और क्रू जॉर्डन में हैं और एक्शन सीन्स से लेकर डांसिंग नंबर्स की शूटिंग कर रहे हैं और अब शेड्यूल खत्म हो गया है। इस फिल्म के आखिरी शूट के दिन अक्षय कुमार ने एक अनोखे तरीके से इसे सेलिब्रेट किया, जिसमें उन्होंने टाइगर श्रॉफ और बाकी लोगों के साथ खुद का एक स्नैपशॉट शेयर किया, जिसमें सभी मिट्टी से सने हुए थे।*

**मीम्स देखकर थक गए होगे, ये लो**
अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम पर फैंस को जॉर्डन में उनकी आगामी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां के नए शूटिंग शेड्यूल के खत्म होने के बाद की झलक दी। फोटो में अक्षय, टाइगर श्रॉफ और उनकी टीम को देखा जा सकता है, सभी सिर से पैर तक काली मिट्टी से ढके हुए हैं। अक्षय और टाइगर दोनों ने मुस्कुराते हुए फोटो खिंचवाई।

**मानुषी और अलाया ने भी किया था सेम**
अक्षय ने एक मजेदार कैप्शन में चुटकी लेते हुए लिखा, वही



पुराने मीम्स से थक गए, यहां कुछ नया कीचड़-कंटेंट है। उन्होंने साथ में ये भी लिखा, इस तरह हमने जॉर्डन के सागर में रुबड़े मियां छोटे मियां के इस यादगार शेड्यूल के अंत का जश्न मनाया। इट्स अ रैप। इससे पहले मानुषी छिल्लर और अलाया एफ ने भी ऐसे ही मिट्टी में सनकर अपनी फोटो शेयर की थी।

**बड़े मियां छोटे मियांश रिलीज डेट**
फिल्म में एक्शन से भरपूर स्टंट होने वाले हैं। यह पूजा एंटरटेनमेंट और एएजेड फिल्म्स की बनाई है, और अप्रैल, 2024 में ईद के आसपास रिलीज होने वाली है। शुरुआत में, यह दिसंबर 2023 में रिलीज होने वाली थी। फिल्म की शूटिंग स्कॉटलैंड, लंदन, भारत और यूएई में की गई है।

# पहले नागिन और अब बाघिन अनेरी वजानी का सीरियल निशाने पर!

*एकता कपूर का सीरियल नागिन कितना फेमस है, ये हर कोई जानता है। इस शो से मौनी रॉय से लेकर करिश्मा तन्ना सहित तमाम एक्ट्रेस को नई पहचान मिली। हालांकि, जैसे-जैसे समय बीतता गया, इसके नए सीजन भी आते गए और उनमें ऐसी कहानी और वीएफएक्स दिखाए गए कि लोगों ने खूब खिल्ली भी उड़ाई। अब एक और फैंटेसी शो शुरू होने जा रहा है, जिसका नाम श्बाघिनश है। इससे अनेरी वजानी टीवी पर कमबैक भी कर रही हैं। इस शो को आप ओटीटी पर भी देख सकते हैं।*



भारत में फैंटेसी शोज की तगड़ी फैन फॉलोइंग है। नागिन, नजर, प्यार की एक कहानी और कई सीरियल्स चर्चा में रह चुके हैं। अब बाघिन की बारी है। ये ब्रांड न्यू फैंटेसी शो अतरंगी ओटीटी 8 फरवरी को रिलीज होगा। कुछ लोग अनेरी के कमबैक से खुश हैं, जबकि कई इसे क्रिटिसाइज भी कर रहे हैं।

इंसान और जानवर की लड़ाई!
बाघिन की कहानी आदमी और जानवर के बीच की लड़ाई इर्द-गिर्द होगी। ये एक ऐसा कॉन्सेप्ट है, जो अब तक ओटीटी पर देखने को नहीं मिला है। 24 जनवरी को जब शो का ट्रेलर लॉन्च किया गया तो लोगों के अजब-गजब रिएक्शन सामने आए।

यूजर्स का ऐसा है रिएक्शन
एक यूजर ने लिखा, नागिन सुना था अभी बाघिन भी। दूसरे ने कॉमेंट किया, आपको बिग बॉस ट्राई करना चाहिए। कुछ ने इच्छाधारी बाघिन कहकर मजाक उड़ाया। एक और यूजर लिखते हैं, नागिन का बहुत सीजन देख लिया, अब बाघिन देखो। अन्य ने लिखा, श्वाह पहले नागिन और अब बाघिन।

ये है सीरियल की कहानी
शो में अनेरी ने गौरी नाम की लड़की का किरदार निभाया है। एक सिंपल लड़की जो वीर (जीशान खान) के प्यार में पागल है। हालांकि, कुछ मजबूरियों के कारण उसकी शादी वीर के भाई देवा (अंश बागरी) से हो जाती है। कहानी में मोड़ तब आता है, जब एक बाघिन की आत्मा गौरी में आ जाती है और अपनी मौत के जिम्मेदार लोगों से बदला लेती है। आप इस शो को स्टार भारत पर 8 फरवरी से देख सकते हैं। इसके अलावा आप इसे अतरंगी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी देख सकते हैं।

# ग्रीक योगर्ट या दही, सेहत के लिए क्या है ज्यादा फायदेमंद?



**प्रोबायोटिक्स से भरपूर**
ग्रीक योगर्ट और कर्ड दोनों में ही प्रोबायोटिक्स अच्छी मात्रा में मौजूद होते हैं, जिस वजह से दोनों को डाइजेस्टिव हेल्थ के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। इनका सेवन करने से पाचन क्रिया को दुरुस्त रखने के साथ शरीर में सूजन व कई बीमारियों से बचाव होता है।

*बहुत सारे लोगों को ग्रीक योगर्ट और साधारण दही के एक जैसे दिखने की वजह से दोनों के बीच काफी कंफ्यूजन होता है। कर्ड को गर्म दूध में खट्टा लगाकर तैयार किया जाता है। वहीं, योगर्ट को दूध में बैक्टीरियल फर्मेंटेशन से बनाया जाता है।*

पिछले काफी समय से लोगों के बीच दही से मिलता–जुलता ग्रीक योगर्ट काफी चर्चा में बना हुआ है। दही और ग्रीक योगर्ट देखने में एक जैसे होते हैं, जिस वजह से बहुत सारे लोगों को इनमें काफी कंफ्यूजन होता है। वहीं, कुछ लोग दोनों को एक ही समझते हैं।

**कर्ड और योगर्ट में क्या फर्क है?**
कर्ड यानी दही की गिनती डेयरी उत्पाद के रूप में होती है। इसे दूध में खाद्य अम्लीय पदार्थ के साथ तैयार किया जाता है। खाद्य अम्लीय पदार्थ के तौर पर नींबू या सिरके का इस्तेमाल किया जा सकता है। आमतौर पर दही बनाने के लिए दूध में थोड़ा सा पुराने दही का इस्तेमाल किया जाता है। वहीं, दूसरी तरफ योगर्ट को दूध में बैक्टीरियल फर्मेंटेशन से तैयार किया जाता है। यही वजह है कि ग्रीक योगर्ट और कर्ड का टेस्ट अलग होता है व दोनों में अलग पोषक तत्व होते हैं।

**हड्डियों को बनाए मजबूत**
हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए ग्रीक योगर्ट और दही दोनों का सेवन लाभकारी होता है। दरअसल, दोनों में कैल्शियम की मात्रा भरपूर मात्रा में मौजूद होती है, जो हड्डियों की सेहत में सुधार करने के साथ इससे संबंधित रोगों से भी सुरक्षा प्रदान करती है। हालांकि, ग्रीक योगर्ट की तुलना में साधारण दही में कैल्शियम की मात्रा अधिक होती है।

**वजन घटाने में सहायक**
बात करें वजन घटाने की तो इसके लिए ग्रीक योगर्ट का सेवन ज्यादा बेहतर माना जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि ग्रीक योगर्ट में प्रोटीन होता है, जो वेट लॉस में फायदा पहुंचाता है। वेट लॉस के लिए डाइट कर रहे लोगों को स्नैक्स के तौर पर ग्रीक योगर्ट खाने की सलाह दी जाती है।



## कमजोर शरीर को ताकतवर बनाने का सस्ता–देसी जुगाड़

भीगे बादाम में ताकत और मजबूती का भंडार छिपा होता है। मगर महंगे होने की वजह से हर कोई इसे खा नहीं पाता। लेकिन इसकी जगह एक और चीज खाकर ताकतवर बना जा सकता है। आयुर्वेद में भी हेल्दी रहने का यह सस्ता और देसी जुगाड़ बताया है। हम भीगोकर मूंगफली खाने की बात कर रहे हैं, इससे कई तरह के फायदे मिलते हैं। मूंगफली को भीगोकर खाने से प्रोटीन, फाइबर, ओमेगा फैटी एसिड आसानी से मिल जाता है। पानी में भिगोने से फाइटिक एसिड खत्म हो जाता है जो पोषण को अवशोषित होने से रोक देता है। साथ ही नट्स से टैनिन निकल जाता है जिससे इनका टेस्ट और टेक्सचर भी सुधर जाता है। मसल्स को ताकतवर बनाने के लिए प्रोटीन की जरूरत होती है। सबसे अच्छी बात है कि मूंगफली से मिलने वाली कैलोरी का 22 से 30 प्रतिशत हिस्सा प्रोटीन से मिलता है। साइंस डायरेक्ट के मुताबिक यह एक प्रोटीन का बढ़िया प्लांट बेस्ड सोर्स है। इनके अंदर फैट्स की काफी मात्रा होती है। लेकिन आपको घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि इनमें मौजूद अधिकतर फैट हेल्दी होता है। मोनो अनसैचुरेटेड और पॉली अनसैचुरेटेड फैट्स आपके दिल व दिमाग को हेल्दी रखने में मदद करते हैं और सेल्स का विकास अच्छा होता है।

## डायबिटीज समेत इन बीमारियों का हो सकता है खतरा

क्या आपको भी टाइट बंद खाने का डब्बा, या पानी की बाल्टी को हाथों से उठाने में दिक्कत होती है? अगर अगर हां! तो इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। यह गंभीर बीमारियों का संकेत हो सकता है। कई शोध बताते हैं कि यह स्ट्रोक, या दिल की बीमारी का संकेत हो सकता है. इसके अलावा इंसान कार्पल टनल सिंड्रोम, हर्नियेटेड सर्वाइकल डिस्क, ऑस्टियोआर्थराइटिस, या डायबिटिक न्यूरोपैथी की गिरफ्त में हो सकता है। बीएमजे जर्नल में प्रकाशित एक स्डटी के मुताबिक आमतौर पर 20 साल की आयु में पुरुषों में हाथों के औसत पकड़ पावर 46 किलोग्राम, और महिलाओं में 46 किलोग्राम तक होनी चाहिए। 60 के उम्र तक आते–आते यह घटकर क्रमशः 39 किलोग्राम और 23.5 किलोग्राम हो जाती है। ऐसे में यदि अपने आयुवर्ग के मानक से आपकी पकड़ कमजोर हो रही है तो आपको इस पर तुरंत गंभीर होने की जरूरत है। जल्द से जल्द आपको डॉक्टर से मिलना चाहिए। कार्पल टनल सिंड्रोम में यह आपके हाथ में सुन्नता, झुनझुनी, या कमजोरी और दर्द के सबसे आम कारणों में से एक है। यह स्थिति हाथ, बांह या कलाई के अत्यधिक उपयोग के कारण होती है। कार्पल टनल सिंड्रोम एक ऐसी स्थिति है, जिसमें आपकी कलाई की कोई नस दब जाती है।

## दूध नहीं पसंद तो क्या हुआ, इस हरे जूस से मिलेगा पूरा कैल्शियम



हड्डियों को स्वस्थ रखने के लिए पर्याप्त कैल्शियम की जरूरत होती है और आपके शरीर को कैल्शियम को अवशोषित करने में मदद करने के लिए विटामिन डी भी चाहिए। इन दोनों पोषक तत्वों की कमी से आपकी हड्डियां कमजोर और बीमार हो सकती हैं। ध्यान रहे कि आपका पूरा शरीर हड्डियों के ढांचे पर टिका है और हड्डियों में किसी भी तरह परेशानी या कमजोरी आपके पूरे शरीर को भारी पड़ सकती है। हड्डियों में कैल्शियम और विटामिन डी कमी से आपको हड्डियों की बीमारी रिकेट्स और ऑस्टियोपोरोसिस का रिस्क हो सकता है। यह दो ऐसी बीमारी हैं जिनमें हड्डियां बेहद कमजोर और नाजुक हो जाती हैं और उनके आसानी से टूटने का खतरा बढ़ जाता है, यहां तक कि एक हल्का सा झटका लगने से भी। न्यूट्रिशनिस्ट प्रियांशी भटनागर के अनुसार, हड्डियों को स्वस्थ रखने और कैल्शियम की कमी पूरी करने के तरीका यह है कि आप कैल्शियम रिच फूड्स खाएं और उन्हें अवशोषित करने के लिए विटामिन डी वाले फूड्स। दूध–दही जैसे डेयरी उत्पादों में कैल्शियम ज्यादा पाया जाता है और अगर आपको यह पसंद नहीं है, तो आप नीचे बताई ड्रिंक्स पी सकते हैं। दूध की जगह आप पत्तेदार सब्जियों की स्मूदी पी सकते हैं।


# सुपरफूड है भारत का ये अनाज, बीमारियों से बचाने में करता है मदद

*2018 को भारत में ईयर ऑफ मिलेट्स के रूप में मनाया गया। संयुक्त राष्ट्र ने भी साल 2023 को इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स के रूप में स्वीकार किया। मिलेट्स, जिसमें बाजरा, ज्वार, रागी, कंगनी, कुटकी, कोदो, सवां और चेना शामिल हैं। यूं तो ये सभी अनाज हम इंसानों के लिए बेहद फायदेमंद हैं, लेकिन आज बात ज्वार की, जिसे लोग भारत का सुपरफूड भी कहते हैं। तो आइए जानते हैं कि ज्वार सुपरफूड क्यों है और इसके क्या फायदे हैं।*

**ज्वार एक सुपरफूड क्यों?**
ज्वार में बहुत से ऐसे पोषक तत्व और गुण हैं, जो इसे एक बेहद फायदेमंद आहार बनाते हैं। आप डायबिटीज से पीड़ित हैं। आपका कोलेस्ट्रॉल कम होने का नाम नहीं ले रहा। या जिम में घंटों पसीना बहाने के बाद वजन कम नहीं हो रहा है तो आपके लिए ज्वार किसी रामबाण से कम नहीं है। ज्वार की एक बड़ी खासियत इसका 'ग्लूटन–फ्री' होना भी है। मतलब जिन लोगों को 'ग्लूटन' नामक प्रोटीन से एलर्जी होती है उनके लिए इससे बढ़िया विकल्प कोई नहीं है।

**पेट की समस्याएं रहेंगी दूर**
ज्वार में फाइबर की अच्छी मात्रा होती है, जो पाचन में सुधार करता है। यह पेट की समस्याओं से भी आपको दूर रखता है। यह गेहूं के




आटे का एक बढ़िया विकल्प है।

**सीलिएक रोग के लिए रामबाण**
ज्वार ग्लूटेन–फ्री होता है, इसलिए वे लोग जो सीलिएक रोग से पीड़ित हैं, या ग्लूटेन को नहीं पचा सकते हैं, उनके लिए एक सुरक्षित और पौष्टिक अनाज है।

**वजन कम करना है तो खाएं**
ज्वार का सेवन वजन को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है, क्योंकि इसमें फाइबर होती है जो भूख को कम कर सकती है और सुधारित पाचन को प्रोत्साहित कर सकती है।

**मिनरल-प्रोटीन-विटामिन भरपूर**
ज्वार में मिनरल, प्रोटीन, और विटामिन बी कॉम्प्लेक्स भरपूर मात्रा में होता है। इसमें पोटेशियम, फास्फोरस, कैल्शियम और आयरन भी अच्छी मात्रा में पाया जाता है, जो इसे पोषक बनाता है।

**ब्लड शुगर मेंटेन करने में मददगार**
यह शुगर का लेवल मेन्टेन रखता है। साथ ही शरीर में इंसुलिन और ग्लूकोज के लेवल को बनाए रखता है, जिसका लाभ डायबिटीज मरीजों को मिलता है। ज्वार स्टार्च को भी कम कर सकता है।

**हार्ट हेल्थ के लिए भी फायदेमंद**
यह ब्लड शुगर को तेजी से कम करने में मदद कर हमारी श्हार्ट हेल्थ्श के लिए हेल्दी रखता है। इसके अलावा ज्वार किडनी डिजीज, अर्थराइटिस जैसी बीमारियों में भी बहुत फायदेमंद है।



**पाटीदार का फिटनेस**

सभी जानते हैं कि सरफराज खान ज्यादा फिट नहीं हैं और उन्हें अपनी फिटनेस पर काम करने की जरूरत है। वहीं, दूसरी ओर रजत पाटीदार काफी फिट खिलाड़ी हैं। वह एक बेहतरीन फील्डर भी हैं। वह काफी तेजी से रन लेने की काबिलियत रखते हैं। हाल ही में पाटीदार ने खुलासा किया था कि वे कोहली और रोहित को प्रैक्टिस के दौरान देखते हैं।

## सरफराज खान से पहले रजत पाटीदार को मिला डेब्यू का मौका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरे मैच की मेजबानी विशाखापट्टनम का राजशेखर रेड्डी एसीए–वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम कर रहा है। मैच में विराट कोहली, केएल राहुल और रवींद्र जडेजा के बाहर होने के कारण प्लेइंग इलेवन में बदलाव किए गए हैं। इस बीच सरफराज खान को टीम इंडिया के लिए पहला कॉल मिला, लेकिन उन्हें प्लेइंग इलेवन में शामिल नहीं किया गया है। दूसरी ओर रजत पाटीदार को डेब्यू का मौका दिया गया है। दोनों ही खिलाड़ियों ने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है। अब पाटीदार को पहले टीम में जगह दी गई है। ऐसे में सबके मन में एक सवाल होगा कि पाटीदार को मौका क्यों मिला और सरफराज खान इससे चूक क्यों गए। रजत पाटीदार का घरेलू क्रिकेट में शानदार रिकॉर्ड है। 30 साल के खिलाड़ी के आक्रामक बैटिंग अंदाज ने सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। पाटीदार ने 55 फर्स्ट क्लास मैचों में 4000 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 12 शतक और 22 अर्धशतक बनाए हैं। हाल ही में रजत भारत ए के लिए इंग्लैंड लायंस के खिलाफ शानदार बैटिंग करते हुए नजर आए। पाटीदार ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट से लेकर आईपीएल में काफी रन बनाए हैं।

# चोट के कारण काटना पड़ सकता था दाहिना पैर

**क्रिकेट**

## पंत ने अपनी 2022 कार दुर्घटना से संबंधित दर्दनाक अनुभव किया शेयर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने हाल ही में अपनी 2022 कार दुर्घटना से संबंधित दर्दनाक अनुभव शेयर किया। दिसंबर 2022 में दिल्ली से अपने घर रुड़की जाते हुए पंत का एक भयानक सड़क हादसे में बुरी तरह से घायल हुए थे। इस बीच पंत को कई चोटें लगी थी और उनके माथे पर चोट लगी थी। पंत के दाहिने घुटने का लिगामेंट फट गया था और उन्हें पीठ पर भी काफी चोट लगी थी। इस दौरान उन्हें सर्जरी से गुजरना पड़ा, जिसके बाद वह लगभग एक साल से अधिक समय से मैदान से दूर हैं। पंत अब इस साल मैदान पर वापसी कर सकते हैं। इस बीच खिलाड़ी ने स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए दुर्घटना के तुरंत बाद का



अपनी फिलिंग को शेयर किया।

पंत ने कहा कि यह पहली बार था जब उन्हें डर लगा था। पंत ने कहा कि मेरा दाहिना पैर अपनी जगह से पूरी तरह से उखड़ गया था। मैंने इसे वापस अपनी जगह पर करने की कोशिश की। मैंने अपने पैर को ठीक करने के लिए मदद मांगी और इस समय तक मैंने इसे अपनी जगह पर वापस कर दिया था।

पंत ने कहा कि अगर कोई नर्व या कोई और गंभीर चोट होती तो मुझे पैर कटवाना पड़ता। तब मैं बहुत ज्यादा डर गया था। इससे पहले मुझे डर महसूस नहीं हो रहा था, क्योंकि मैं दर्द में था और मेरा पूरा ध्यान पैर पर ही था। पंत ने अपनी कार की स्थिति के बारे में बात करते हुए कहा कि उन्होंने उस दिन एक एसयूवी ली थी, लेकिन वह पूरी तरह से जल गई थी और एक सेडान जैसी लग रही थी।

पंत की तुलना हमेशा से ही एमएस धोनी से की जाती है। स्टार स्पोर्ट्स के साथ फ्री–व्हीलिंग बातचीत में पंत ने अपनी तुलना को लेकर राय शेयर की। ऋषभ पंत ने कहा कि सबसे पहले मुझे समझ नहीं आता कि एक युवा खिलाड़ी टीम में आया है और आप इस तरह से क्यों बात कर रहे हैं।

# खिलाड़ी कॉन्ट्रैक्ट के लिए खेलते हैं, पाक टीम खराब स्थिति में

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पाकिस्तान टीम के पूर्व निदेशक मिकी आर्थर ने पाकिस्तानी क्रिकेट टीम की खराब स्थिति पर चिंता व्यक्त की है। पाकिस्तान में क्रिकेट सत्ता के गलियारों में पूरी तरह से नए कोचिंग स्टाफ के साथ–साथ नए कप्तानों का बदलाव देखा गया था। 2023 वनडे विश्व कप के बाद मिकी आर्थर और ग्रांट ब्रैडबर्न के बाहर होने के बाद मोहम्मद हफीज ने टीम निदेशक के रूप में टीम की कमान संभाली।

आर्थर ने एक सुरक्षित टीम वातावरण को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। यह देखते हुए कि उन स्थितियों में जहां असुरक्षा की समग्र भावना होती है, खिलाड़ी अपने व्यक्तिगत हितों को प्राथमिकता देना

**■मोहम्मद हफीज ने टीम निदेशक के रूप में टीम की कमान संभाली**

शुरू कर देते हैं। आर्थर ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो को बताया, जब वहां सिक्योरिटी का माहौल होता है, तो पाकिस्तान बहुत अच्छा होता है। जब वहां इंसिक्योरिटी होती है, तो खिलाड़ी टीम के बजाय अपने लिए खेलना शुरू कर देते हैं क्योंकि वे अगले दौरे और अगले अनुबंध के बारे में सोच रहे होते हैं। उन्होंने आगे कहा, वहां भारी मात्रा में प्रतिभा है। वहां कुछ विश्व स्तरीय खिलाड़ी भी हैं, सिर्फ प्रतिभाशाली खिलाड़ी ही नहीं। उन्हें वह समर्थन ढांचा नहीं दिया गया है जिसकी उन्हें आगे बढ़ने के लिए जरूरत है।

टीम के एक अनुभवी खिलाड़ी मोहम्मद हफीज ने आर्थर की बातों को दोहराया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में हार के लिए फोकस की कमी को जिम्मेदार ठहराया। मिकी आर्थर और पाकिस्तान क्रिकेट के बीच सहयोग के अपने सुनहरे पल थे, जिसमें 2017 चैंपियंस ट्रॉफी की सफलता शामिल है। कोच ने टीम को टेस्ट और टी20 रैंकिंग में महत्वपूर्ण सफलता दिलाई थी, लेकिन साझेदारी का अंत खटास के साथ हुआ। अपने रिश्ते के कड़वे अंत के बावजूद ऑर्थर ने स्वीकार किया कि पाकिस्तान क्रिकेट के प्रति उनका जुनून कम हो रहा है। उन्होंने कहा, मैं अभी भी पाकिस्तान क्रिकेट को फॉलो करता हूं और हमेशा करता रहूंगा। लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट के लिए मेरे अंदर जो जोश, प्यास और जुनून था वह अब थोड़ा कम हो गया। ईमानदारी से कहूं तो, मुझे लगता है कि पाकिस्तान क्रिकेट बहुत खराब स्थिति में है।

## डैरेन सैमी ने तेज गेंदबाजों को बताया वर्ल्ड कप टीम का दावेदार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गाबा में कहर बरपाने वाले शमर जोसेफ ने वेस्टइंडीज टीम के चयनकर्ताओं को सामने मुश्किल खड़ी कर दी है। शमर जोसेफ ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए टीम में अपनी दावेदारी पेश की है। जोसेफ ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 65 रन देकर 7 विकेट चटकाए थे। जोसेफ के इस दमदार प्रदर्शन के चलते वेस्टइंडीज ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। हालांकि, इसी टेस्ट मैच के दौरान बल्लेबाजी करते वक्त शमर जोसेफ चोटिल हो गए थे। स्टार्क की एक यार्कर गेंद उनके पैर के अंगुठे पर जा लगी थी। वह दर्द से कराहते हुए मैदान से बाहर गए थे। इसके बावजूद वह गेंदबाजी करने आए और मात्र 11.5 ओवर में 7 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलियाई पारी को ध्वस्त कर दिया था। जोसेफ से इस शानदार प्रदर्शन ने वेस्टइंडीज के वनडे और टी20 के कोच डैरेन सैमी और चयनकर्ताओं के सामने मुश्किल खड़ी कर दी है।

## न्यूज डायरी



### 20 साल के स्पिनर की गेंद पर चकमा खा गए भारतीय कप्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच विशाखापट्टनम में दूसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। इस मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। भारत की ओर से रोहित और यशस्वी पारी का आगाज करने के लिए मैदान पर उतरे थे। ऐसे में इंग्लैंड की तरफ से शोएब बशीर ने इस मैच में अपने टेस्ट करियर का आगाज किया। बशीर ने रोहित शर्मा जैसे बेहतरीन बल्लेबाज के रूप में अपना पहला विकेट चटकाया। रोहित को बशीर ने 14 के निजी स्कोर पर पवेलियन भेजा। 20 साल के गेंदबाज की गेंद पर रोहित चकमा खा गए और गेंद सीधा ओली पोप के हाथों में चली गई। रोहित गेंद को मारना चाहते थे, लेकिन तेज गति और टर्न के कारण गेंद पोप के हाथों में समा गई। रोहित कैच आउट पर हैरान रह गए। बशीर ने रोहित और यशस्वी के बीच बढ़ रही बड़ी पार्टनरशिप को तोड़ा। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहले दिन लंच तक रोहित शर्मा और शुभमन गिल का विकेट गंवाया है। भारत ने 31 ओवर में 103 रन बनाए हैं। शुभमन गिल को एंडरसन ने 34 रन पर आउट किया। एंडरसन ने गिल को 5वीं बार पवेलियन की राह दिखाई है। हालांकि गिल एक बार फिर अपनी पारी को बड़े स्कोर में तबदील करने में नाकामयाब रहे।

### गोल्ड मेडलिस्ट अभिनव बिंद्रा को पेरिस ओलिंपिक की मिली बड़ी जिम्मेदारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ओलिंपिक खेलों में भारत के पहले स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा को 26 जुलाई से 11 अगस्त तक फ्रांस की राजधानी में होने वाले 2024 पेरिस ओलिंपिक खेलों के लिए मशाल वाहक चुना गया है। 2008 में बीजिंग ओलिंपिक खेलों में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीतने वाले बिंद्रा 16 अप्रैल से 26 जुलाई तक आयोजित होने वाली ओलिंपिक मशाल रिले का हिस्सा होंगे। बिंद्रा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट में कहा, श्यह साझा करने के लिए उत्साहित हूं कि मैं पेरिस ओलिंपिक खेलों के लिए मशाल वाहक बनूंगा, दुनिया भर में शांति और दृढ़ता का प्रतीक बनूंगा। यह लौ हमारी सामूहिक भावना और सपनों की शक्ति का प्रतिनिधित्व करती है। एक महान विशेषाधिकार और सम्मान! पेरिस 2024 ओलिंपिक मशाल रिले 8 मई 2024 को फ्रांस में अपनी यात्रा शुरू करेगी और फ्रांसीसी क्षेत्रों में 68 दिनों की यात्रा से पहले लौ मार्सिले पहुंचेगी। मशाल रिले 68 दिनों तक चलेगी, जिसके दौरान यह पांच विदेशी क्षेत्रों सहित 65 क्षेत्रों को कवर करेगी। रिले में 10,000 मशाल वाहक शामिल होंगे, जिनमें 3000 मशाल वाहक शामिल होंगे जो टीम रिले में भाग लेंगे, और 400 शहरों का दौरा करेंगे। मशाल ग्रीस में ओलंपिया के पास जलाई जाएगी और उस देश में प्रारंभिक यात्रा होगी, जहां से प्राचीन ओलिंपिक की शुरुआत हुई थी।

### मोहम्मद सिराज को इस बार प्लेइंग इलेवन में नहीं दी गई जगह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच सीरीज का दूसरा मैच विशाखापट्टनम के राजशेखर रेड्डी एसीए–वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में भारत की प्लेइंग इलेवन में काफी बदलाव हुए हैं। इस बीच मोहम्मद सिराज को इस बार प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं दी गई है। दूसरे मैच में टॉस के बाद बीसीसीआई ने अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट शेयर करते हुए इस बात की जानकारी दी। बीसीसीआई ने लिखा कि मोहम्मद सिराज को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भारतीय स्क्वाड से रिलीज किया जा रहा है। यह फैसला सीरीज के समय को देखते हुए लिया गया है और पिछले कुछ समय से सिराज ने जितना क्रिकेट खेला है उसे ध्यान में रखते हुए लिया गया है। उन्होंने कहा कि वह तीसरे टेस्ट में सेलेक्शन के लिए राजकोट में उपलब्ध होंगे। हालांकि सिराज पहले टेस्ट में एक भी विकेट लेने में कामयाब नहीं हो पाए थे। आवेश खान दूसरे टेस्ट में टीम इंडिया को दोबारा जाइन कर रहे हैं। इसके अलावा रजत पाटीदार को दूसरे मैच में डेब्यू का मौका मिला है। इसके अलावा रवींद्र जडेजा और केएल राहुल भी इस मैच में नहीं खेल रहे हैं, जिनकी जगह पर रजत पाटीदार, मुकेश कुमार और कुलदीप यादव को जगह दी गई है।

पेज थ्री देहरादून
'आ रहा है यूसीसी.'' गीत का विमोचन करते हुए सीएम धामी।
देहरादून, शनिवार, 3 फरवरी 2024
हमारा दून





## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने ''आ रहा है यूसीसी.'' गीत का विमोचन किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में समान नागरिक संहिता पर बने गीत ''आ रहा है यूसीसी.'' का विमोचन किया। इस गीत को भूपेन्द्र बसेड़ा द्वारा लिखा और स्वर प्रदान किया गया है तथा श्री राकेश भट्ट द्वारा संगीतबद्ध किया गया है। गीत पर बने वीडियो में मुख्य भूमिका श्री ओम तरोनी एवं श्री ललित जोशी द्वारा निभायी गयी है। इस गीत के माध्यम से यू.सी.सी के लाभ एवं आम जनमानस पर पड़ने वाले प्रभावों को दर्शाया गया है। इस गीत को हिन्दी में तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री ने जनता को जागरूक करने तथा यूसीसी के प्रचार–प्रसार के दृष्टिगत गीत से जुड़ी समस्त टीम को बधाई दी।

### अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा अतिक्रमण पर प्रभावी कार्यवाई के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका के निर्देशन में अतिक्रमणमुक्त अभियान के अन्तर्गत टीमों द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है। आज घटांघर–दिलाराम चौक, विजय कालोनी, हाथीबड़कला, कमला पैलेस शिमला बाईपास, मेहूवाला आदि स्थानों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

### कांग्रेस ने भाजपा प्रदेश प्रभारी के खिलाफ प्रदर्शन किया

**संवाददाता** देहरादून। विपक्षी दलों के गठबंधन पर भाजपा प्रदेश प्रभारी के आपत्तिजनक बयान को लेकर कांग्रेस ने देहरादून में प्रदर्शन किया। साथ ही भाजपा नेताओं के आचरण पर सवाल उठाए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रदेश प्रभारी का पुतला भी फूंका। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ.जसविंदर सिंह गोगी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को एस्लेहाल चौक पर प्रदर्शन किया। डॉ.गोगी ने कहा कि भाजपा प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम का बयान घोर आपत्तिजनक है। उन्हें तत्काल माफी मांगनी चाहिए।

### ओके प्ले इंडिया लिमिटेड बोर्ड ने 1:10 स्टॉक स्प्लिट को मंजूरी दी

**संवाददाता** देहरादून। प्लास्टिक मोल्डेड फर्नीचर, आउटडोर प्ले इक्विपमेंट, पॉइंट–ऑफ–परचेज प्रोडक्ट्स,ऑटोमोटिव कंपोनेंट्स और इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के प्रोडक्शन में लगी लीडिंग कंपनी ओके प्ले इंडिया लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसके बोर्ड ने कंपनी के इक्विटी शेयर जो 1:10 के अनुपात में हैं, अर्थात प्रत्येक 10 रुपये के फेसवैल्यू के हर 1 इक्विटी शेयर का विभाजन, 10 इक्विटी शेयरों में से प्रत्येक 1 रुपये के फेसवैल्यू शेयरधारकों और ऐसे प्राधिकारियों के अनुमोदन के अधीन, आवश्यक हो सकते हैं, सब–डिवीजनडिवीजन को मंजूरी दे दी है।

# किसी समुदाय विशेष को नुकसान नहीं: मुख्यमंत्री

**यूसीसी**

■ मुस्लिम बेटियों को भी मिलेगा पिता की संपत्ति में अधिकार

■ 5 फरवरी को उत्तराखंड विधानसभा में पेश हो सकती है यूसीसी अधिसूचना

**संवाददाता**

देहरादून। समान नागरिक संहिता–यूनिफॉर्म सिविल कोड की पांच सदस्यीय विशेषज्ञ कमेटी ने सीएम पुष्कर सिंह धामी को 2 फरवरी को ड्रॉफ्ट सौंप दिया है। आगामी विधानसभा सत्र में 05 फरवरी को उत्तराखंड सरकार सदन में विधेयक लाने जा रही है। सूत्रों की बात मानें तो कमेटी बेटियों को भी पैत्रिक संपत्ति में अधिकार देने की सिफारिश कर सकती है।

सभी धर्मों के लोगों के लिए इसे अनिवार्य किया जा सकता है। कमेटी की अध्यक्ष व सुप्रीम कोर्ट की पूर्व जस्टिस रंजना देसाई के नेतृत्व में सभी सदस्यों ने सीमांत क्षेत्र चमोली जिले के माणा से लेकर पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी तक पहुंच कर लोगों के सुझाव लिए। सूत्रों ने बताया कि कमेटी रिपोर्ट में बेटियों को भी बेटों के




समान पैत्रिक संपत्ति पर अधिकार देने की वकालत की है।

कमेटी के समक्ष इसके अलावा विभिन्न सुझाव आए हैं। इनमें बुजुर्गों के भरण–पोषण व विवाह पंजीकरण अनिवार्य करने, लिव इन रिलेशनशिप में रहने वालों को नियम बनाने, लड़कियों के लिए शादी की उम्र 21 वर्ष करने, गोद लेने और जनसंख्या नियंत्रण के लिए कानून बनाने आदि सुझाव आए थे। कमेटी इनमें से कुछ बिंदुओं को शामिल कर सकती है।

उधर, विशेषज्ञों का कहना है कि यदि उत्तराखंड में यूसीसी लागू होता है तो फिर महिलाओं को पैत्रिक संपत्ति में अधिकार मिलने के साथ ही उनके प्रति अपराधों में कमी आएगी। इसके साथ ही ससुराल में उनके मन में भी आर्थिक सुरक्षा का भाव पैदा नहीं होगा। इससे निश्चित तौर पर न्यायालयों में मुकदमों की संख्या में कमी आ सकती है। वहीं, इस कानून से देश की आधी आबादी कही जाने महिलाओं की सहानुभूति मिल सकती है।

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) से किसी समुदाय विशेष को नुकसान नहीं होगा। सीएम ने कहा कि हमारी सरकार ने यूनिफॉर्म सिविल कोडलागू करने के लिए प्रदेश की जनता से वादा किया था। इसके लिए देवतुल्य जनता ने भाजपा को बहुमत दिया।

उत्तराखंड में कोई किसी पंथ, समुदाय, धर्म या जाति का हो, सबके लिए समान कानून हो, इसके लिए समान नागरिक संहिता को लागू करने की बात की जा रही है। यूसीसी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूलमंत्र की दिशा में बढ़ाया गया अहम कदम है।

### क्या है यूसीसी समान नागरिक संहिता

यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) समान नागरिक संहिता में लैंगिक समानता और पैतृक संपत्तियों में बेटियों के लिए समान अधिकार पर जोर दिया गया है। सूत्रों की बात मानें तो यह महिलाओं की विवाह योग्य आयु को बढ़ाकर 21 वर्ष करने का सुझाव नहीं देता है। समिति की सिफारिश में कहा गया है कि महिलाओं के लिए विवाह की आयु 18 वर्ष ही बरकरार रखी जानी चाहिए। यह एक ऐसा कानून बनाना है जो शादी, तलाक, विरासत और गोद लेने से संबंधित मामलों में सभी धर्मों पर लागू होगा। विधेयक का विशेषतौर पर विवाह पंजीकरण, तलाक, संपत्ति अधिकार, अंतर–राज्य संपत्ति अधिकार, रखरखाव, बच्चों की हिरासत आदि में एकरूपता पर फोकस है।

# स्टार्ट अप क्षेत्र में निरंतर विकास कर रहा उत्तराखण्ड

**भेंट**

■मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री भारी उद्योग डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय से भेंट की

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री भारी उद्योग डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय से भेंट की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, हरिद्वार के स्वामित्व की अनुप्रयुक्त 492 एकड़ भूमि का स्वामित्व उत्तराखंड सरकार को हस्तांतरित किए जाने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री धामी ने औद्योगिक विकास के लिए केंद्र से मिल रहे



सहयोग पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड राज्य ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, निवेश प्रोत्साहन तथा स्टार्ट अप क्षेत्र में निरंतर विकास कर रहा है। भारत सरकार द्वारा निर्गत की जाने वाली रैंकिंग में लगातार उत्तम श्रेणी प्राप्त कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में स्थापित भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, हरिद्वार के स्वामित्व की 457 एकड़ भूमि, जो कि एकीकृत औद्योगिक आस्थान, हरिद्वार के साथ लगती हुई स्थित है, लगभग 60 वर्षों से अप्रयुक्त होने के कारण रिक्त है। साथ ही भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, हरिद्वार के स्वामित्व की एक अतिरिक्त 35 एकड़ भूमि रिक्त एवं अप्रयुक्त उपलब्ध है, जोकि हरिद्वार रेलवेलाईन के किनारे स्थित है एवं मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क स्थापित किये जाने के लिए उपयुक्त है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उक्त 457 एकड भूमि औद्योगिक विस्तार हेतु व 35 एकड़ भूमि मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क स्थापित किये जाने हेतु राज्य सरकार को हस्तान्तरित की जा सकती है, जिससे राज्य में होने वाले निवेश को एक नया आयाम प्राप्त होगा, साथ ही युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकेंगे। इसके अलावा केन्द्रीय मंत्री ने उत्तराखण्ड के रूड़की एवं पंतनगर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के निर्माण के लिये सैद्धांतिक सहमति प्रदान की।

### प्रत्येक शाम को लोकसभा तैयारियों की समीक्षा की जाएगी

**संवाददाता** देहरादून। लोकसभा सामान्य निर्वाचन– 2024 की तैयारियों को लेकर डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सोनिका ने सहायक रिटर्निंग अधिकारी/उप जिलाधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से बैठक करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शाम को वर्चुअल माध्यम से बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी सहायक रिर्टनिंग अधिकारी एवं निर्वाचन से जुड़े अधिकारी अपने–अपने दायित्वों को भलीभांति समझ लें तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए गए विभिन्न एप्प की जानकारी रखें साथ ही आईडी एवं अभिलेखों के सम्बन्ध में निर्वाचन आयोग की गाईडलाईन के अनुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगें। उन्होंने निर्देशित किया कि विभिन्न एप्प पर प्राप्त हो रही शिकायतों के निस्तारण एवं समयावधि का ध्यान रखने दायित्वों का निर्वहन करें।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at https://www.page3news.co.
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+


Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।